**इको प्रतियोगिता** | तीन छात्रों को मिला तीसरा स्थान, निबंध एवं चित्रकाल का हुआ आयोजन

# प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल का दबदबा

**भास्कर न्यूज़** | जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय इको क्लब प्रतियोगिता में यहां के शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक स्कूल के छात्रों ने निबंध, चित्रकला में शानदार प्रदर्शन किया। तीनों छात्रों को तीसरा स्थान मिला। छात्र विक्रम महेश्वरी ने निबंध में एवं चंदन निकुंज ने चित्रकला में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जिन्हें आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री राजेश मूणत एवं मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव एन बैजेंद्र द्वारा पुरूस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इसमें इको क्लब के कॉर्डिनेटर संजय कुमार नंदे को भी पुरस्कृत किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 82 स्कूल के लगभग 280 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। इसी क्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से आए जिला-कोऑर्डिनेटर द्वारा मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं जूरी के सदस्यों के सामने दस-दस मिनट का प्रजेंटेशन दिया गया। जिसमें जिला जशपुर इको क्लब के कोऑर्डिनेटर संजय कुमार नंदे द्वारा बीते दो वर्षों की विद्यालय में होने वाली पर्यावरणीय गतिविधियों से प्रमाण सहित अवगत कराया। उन्होंने प्रजेंटेशन के अंत में अपने संबोधन में कहा कि मीडिया भारत में ही नहीं पूरे विश्व के लोकतंत्र में रीड़ की हड्डी है। हमने पूरे कार्यक्रम के दौरान मीडिया वाले को आमंत्रित किया।

जिसकी खबर एवं फोटोग्राफ सहित प्रमाण आप सभी के सामने प्रस्तुत किया। जूरी के सदस्यों द्वारा उत्कृष्ट प्रजेंटेशन का पुरस्कार जशपुर जिला इको क्लब के कोऑर्डिनेटर संजय कुमार नंदे को दिया। उन्हे मुख्य अतिथि राजेश मूणत, मुख्यमंत्री के सचिव एन बैजेंद्र एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अध्यक्ष के हाथो से स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र एवं 5 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। विद्यालय के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन, सहायक आयुक्त व जिला शिक्षा अधिकारी एवं स्कूल के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता सहित शैक्षणिक एवं कार्यालयीन स्टॉफ ने बधाई दी। श्री नंदे ने सफलता का पूरा श्रेय विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता, खेल शिक्षक संजीव शर्मा एवं कुछ युवा शिक्षकों को दिया।

प्रजेंटेशन देते कॉआर्डिनेटर।